


पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**एक्टर मुकुल देव का निधन**


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 70 ■ रविवार, 25 मई 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com


# वार्ड संरचना जल्दी तैयार करें

- **राज्य चुनाव आयोग का सरकार को पत्र**
- **वार्डों के गठन के आधार पर जारी होगी चुनाव अधिसूचना**







**उल्हासनगर.** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में लंबित स्थानीय निकाय चुनाव अगले चार महीने के भीतर कराने के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है और चुनाव आयोग को चार सप्ताह के भीतर अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया है।

हालाँकि, राज्य चुनाव आयोग ने यह रुख अपनाया है कि जब तक वार्ड संरचना की घोषणा नहीं हो जाती, हम कुछ नहीं कर सकते। आयोग ने कहा है कि राज्य सरकार कितनी जल्दी वार्डों का गठन करती है, इसके आधार पर चुनाव अधिसूचना जारी की जाएगी। इसलिए यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन होता है या नहीं।

इस संबंध में चुनाव आयोग के सचिव सुरेश काकानी ने बताया है कि हमने वार्ड बनाने के लिए ग्रामीण विकास विभाग और शहरी विकास विभाग को पत्र लिखा है। हम इस संबंध में राज्य सरकार से संपर्क कर रहे हैं।

एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि विभिन्न औपचारिकताएं पूरी करने के बाद इस वर्ष के अंत तक स्थानीय निकाय चुनाव कराए जा सकते हैं। 6 मई को सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों का रास्ता साफ कर दिया, जो ओबीसी आरक्षण मुद्दे के कारण 5 साल से अधिक समय से विलंबित थे। अदालत ने राज्य चुनाव आयोग को चार सप्ताह के भीतर चुनाव अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया है।

महायुति में भाजपा, शिवसेना और अजीत पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल हैं, जबकि महाविकास अघाड़ी में शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) और कांग्रेस शामिल हैं। दरअसल, महाविकास अघाड़ी और महायुति में शामिल दलों को यह तय करना है कि वे अलग-अलग चुनाव लड़ें या फिर मिलकर। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा है कि महायुति की नीति के अनुसार स्थानीय निकाय चुनाव मिलकर लड़े जाएंगे। कुछ स्थानों पर तो वे स्वतंत्र रूप से भी लड़ सकते हैं। कांग्रेस ने जहां महा विकास अघाड़ी में स्थानीय नेतृत्व को निर्णय सौंप दिया है, वहीं शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा है कि वह अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय निकाय चुनावों की रणनीति पर चर्चा कर रहे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता जयंत पाटिल ने भी अपनी पार्टी इकाई को स्थानीय चुनावों की तैयारी करने को कहा है।

### 'वार्ड गठन की प्रक्रिया में करीब 70 दिन लगेंगे'

राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने कहा, 'वार्ड गठन की प्रक्रिया में करीब 70 दिन लगेंगे। इसके बाद आरक्षण प्रक्रिया शुरू होगी, जिसमें 15 दिन का समय लग सकता है। मतदाता सूची को अद्यतन करने में 40 दिन का समय और लग सकता है। इस प्रकार, स्थानीय सरकार के चुनाव इस वर्ष के अंत तक हो सकते हैं। सभी 29 महानगर पालिका, 248 नगर पालिका परिषदों, 42 नगर पंचायतों, 32 जिला परिषदों और 336 पंचायत समितियों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और ये सभी वर्तमान में प्रशासकों के अधीन हैं। 2020 से 2023 के बीच 27 महानगर पालिकाओं का कार्यकाल समाप्त हो गया। इचलकरंजी और जालना नव स्थापित मनपा हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चुनाव का रास्ता साफ

राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने कहा, ओबीसी आरक्षण, वार्ड संरचना, स्थानीय निकायों में सदस्यों की संख्या और सरकार पर वार्ड बनाने के अधिकार को हड़पने का आरोप लगाने वाली याचिकाओं सहित कई कारणों से चुनाव में देरी हुई। 6 मई को सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग को 4 सप्ताह के भीतर चुनाव अधिसूचित करने का निर्देश दिया। ओबीसी आरक्षण का विवादास्पद मुद्दा 2022 बंठिया आयोग की रिपोर्ट से पहले जैसा ही रहेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने ओबीसी की जनसंख्या के सटीक आंकड़े निर्धारित करने के लिए जनगणना कराने तथा स्थानीय निकायों में ओबीसी वर्ग के लिए 27 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने संबंधी आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया।

# रिहायशी इलाके में भीषण आग





- **एंटीलिया के पास स्क्रैप गोदाम में आग**
- **दमकल गाड़ियों ने आग बुझाने में सफलता पाई**
- **शार्ट सर्किट से लगी आग**
- **पूरा गोदाम जलकर राख**

**उल्हासनगर.** शहर के व्यस्ततम रिहायशी इलाके रीजेंसी एंटीलिया कॉम्प्लेक्स के पास कार्डबोर्ड और स्क्रैप मेटल के गोदाम में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग तेजी से फैल गई और पूरा इलाका धुएं के घने गुबार में तब्दील हो गया। स्थानीय लोगों में अफरातफरी गई। गोदाम में बड़ी मात्रा में कागज, कार्डबोर्ड और अन्य ज्वलनशील पदार्थ रखे हुए थे, जिससे आग तेजी से फैल गई। आग की भयावहता इतनी थी कि कुछ ही मिनटों में पूरा गोदाम जलकर खाक हो गया। मौके पर पहुंची उल्हासनगर मनपा की दो से तीन दमकल गाड़ियों ने तुरंत पानी से आग बुझाने का काम शुरू किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक सुबह अचानक धुएं और लपटों का गुबार देखकर नागरिक डर गए। दमकल कर्मियों ने मौके पर बड़ी सतर्कता से काम किया और गोदाम से सटी इमारतों में आग को फैलने से रोकने की कोशिश की। हालांकि आग लगने का सही कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी। आग में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन गोदाम में रखे सामान को भारी नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद मनपा प्रशासन, दमकल विभाग, पुलिस अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर मौजूद हैं और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना ने एक बार फिर रिहायशी इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पटाखा फोड़ने से महिला की आंख चली गई

- **संदल निकालने वालों पर पुलिस में अपराध दर्ज**

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ गैबनशाह वली का उर्स शुरू है. गत 8 दिनों से रोजाना शहर के कोने-कोने से बेहिसाब संदल नाचते-गाते, ढोल बजाते एवं पटाखे फोड़ते हुए निकाले जा रहे हैं. ऐसे ही एक संदल में पटाखा फोड़ने के कारण पटाखे की बारूदी चिंगारी एक गरीब महिला की आंख में चले जाने से महिला की आंख चली गई. उसका उपचार मुंबई के एक अस्पताल में चल रहा है. वह गंभीर घायल भी है. उस महिला ने अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में एकता मित्र मंडल एवं पटाखा फोड़ने वाले के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है. मलम्मा रवि चलवादी (40) बालाजी नगर निवासी मजदूरी का काम करने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि वह 23 मई शुक्रवार की रात 9 बजे उलन चाल मन्नत होटल के पास से अपने घर जा रही थी. नेताजी मार्केट से आ रहे एकता मित्र मंडल द्वारा आयोजन संदल में अज्ञात ने पटाखा फोड़ा. जलता हुआ पटाखा यलम्मा की एक आंख में चला गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई.



पुलिस ने एकता मित्र मंडल की तरफ से आयोजक और पटाखो फोड़ने वाले अज्ञात के खिलाफ भा.न्या.सं. की धारा 125, 125 (ब), 288, सह महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 33 (1) के अनुसार अपराध दर्ज किया है. जांच पुलिस उप निरीक्षक राजू माऊले कर रहे हैं. शहर में इस बात की चर्चा है कि किसी भी बात की एक हद होती है. उर्स के समय हल कोई अपनी एक कमेटी बनाकर संदल निकाल रहा है. एक ही समय में एक के पीछे एक कई संदल निकाले जा रहे हैं. दो संदल के उत्साही कार्यकर्ताओं के बीच तूतू-मैंमैं भी हो रही है. संदल निकालने वालों पर मुस्लिम जमात का कोई कंट्रोल नहीं है. जमात को संदलों पर कड़ी नजर एवं अंकुश रखने की जरूरत है.

# ढाई साल के बच्चे का यौन शोषण



- **आरोपी डांस टीचर जीतेंद्र दुलानी गिरफ्तार**
- **पालकों में भारी नाराजगी**
- **सामाजिक संस्था छेड़ेगी आंदोलन**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 4 क्षेत्र में गर्मी की छुट्टियों के दौरान आयोजित समर कैंप में 45 वर्षीय डांस टीचर द्वारा ढाई साल के बच्चे के साथ यौन शोषण करने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार उल्हासनगर 4 में एक क्लास में गर्मी की छुट्टियों के दौरान समर कैंप का आयोजन किया गया था। इसमें कई छोटे बच्चों ने भाग लिया था। इस बीच, उसी समर कैम्प से घर लौटने के बाद ढाई साल के एक बच्चे को शारीरिक दर्द महसूस होने लगा। जब माता-पिता ने बच्चे से इस बारे में पूछा तो उसने अपने परिवार को बताया कि उसके डांस टीचर ने उसके साथ अश्लील कृत्य किया है। इस घटना से नाराज माता-पिता सीधे विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन पहुंचे और इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होते ही पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल के मार्गदर्शन में विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की अपराध जांच टीम ने आधी रात के करीब नृत्य शिक्षक जितेंद्र दुलानी के घर पर छापा मारा और उसे गिरफ्तार कर लिया। इस घटना से पूरे शहर में गुस्से का माहौल बन गया है। कई सामाजिक संगठनाओं ने इसका विरोध किया है हेल्पिंग हैंड सामाजिक संस्था के प्रमुख सत्यन पुरी ने कहा है कि पालक अपने बच्चों पर नजर रखे और पुलिस से भी मांग है कि ऐसी घिनौनी हरकत करने वाले को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इस युवक ने और कितनों के साथ ऐसा किया है उसकी भी जांच होनी चाहिए।

# शहाड स्टेशन को मिला नया रूप

- **प्रधानमंत्री मोदी ने टेलीविजन प्रसारण के माध्यम से किया उद्घाटन**
- **गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मिलेंगी**



**उल्हासनगर.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टेलीविजन पर अपने संबोधन के माध्यम से देश भर के 103 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शुभारंभ किया। इस योजना में शामिल शहाड स्टेशन का उद्घाटन समारोह भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक कुमार आयलानी ने शहाड स्टेशन का व्यक्तिगत रूप से दौरा किया, यात्रियों की समस्याओं को जाना तथा उनका शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आयलानी शहाड स्टेशन पर उपस्थित थे और कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने शहाड स्टेशन क्षेत्र का दौरा किया और यात्रियों से बातचीत की। उन्होंने समस्याओं की जानकारी लेकर उनका यथाशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। शहाड स्टेशन के उद्घाटन समारोह में विधायक कुमार आयलानी, शिवसेना नेता राजेंद्रसिंह भुल्लर महाराज, रेलवे एडीआरएम, कल्याण स्टेशन एसीएम, स्टेशन मास्टर महाजन, अमोल खरात, राकेश पाठक, उमेश सोनार उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक आयलानी ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री को इस बात के लिए धन्यवाद देता हूं कि शहाड़ स्टेशन के पुनर्विकास से न केवल स्टेशन का विकास होगा, बल्कि पूरे क्षेत्र का विकास होगा।

अमृत भारत स्टेशन परियोजना से शहाड सहित पूरे उल्हासनगर क्षेत्र में रेल सेवाओं में सुधार होगा। कई यात्रियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मिलेंगी।

# विस्थापित परिवारों को 'लांग टर्म वीजा' मंजूर

**उल्हासनगर.** चार पाकिस्तानी विस्थापित परिवारों की उम्मीदें फिर से जाग उठी हैं, जिनका भविष्य देश छोड़ने के आदेश के कारण अंधकारमय हो गया था। उल्हासनगर के इन परिवारों को अंततः भारत सरकार द्वारा 'लांग टर्म वीजा' प्रदान कर दिया गया है, और अब वे आधिकारिक रूप से भारत में निवास कर सकेंगे। इस सुखद निर्णय के पीछे विधायक कुमार आयलानी और दीपक छतलानी के सतत प्रयास निर्णायक रहे हैं। विस्थापित नागरिकों ने उनके योगदान की सराहना की है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बाद केंद्र सरकार ने भारत में अल्पकालिक वीजा पर रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया था। इस पृष्ठभूमि में उल्हासनगर में 4 पाक विस्थापित परिवारों के भविष्य का प्रश्न उठ खड़ा हुआ। इन चार परिवारों के कुल 17 सदस्यों ने तुरंत 'दीर्घकालिक वीज़ा' के लिए आवेदन किया। इस आवेदन पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए केंद्र सरकार ने इन सभी नागरिकों को भारत में वैध रूप से रहने की अनुमति दे दी है। उनके परिवार ने इस निर्णय का स्वागत किया है.

इन सभी परिवारों ने विधायक आयलानी व दीपक छतलानी का शॉल, गुलदस्ते व जयकारों के साथ भव्य स्वागत किया। नागरिकों ने कहा कि यह अनुमति उनके प्रयासों से ही संभव हो सकी।

इस पूरी घटना से उल्हासनगर में पाक विस्थापित समुदाय के बीच संतोष और सुरक्षा का माहौल पैदा हुआ है। यह निर्णय सिर्फ कागजी परमिट तक सीमित नहीं है, बल्कि इन परिवारों के भविष्य को नई दिशा भी देता है। शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के मामले में अब उनके लिए अनेक अवसर खुल गए हैं। यह भारत के संवैधानिक मूल्यों और मानवता के सिद्धांतों का जीवंत उदाहरण बन गया है।

—

रिक्शा चालकों ने नगर परिषद को दिया निवेदन

# सड़क के गड्ढों को जल्द भरा जाए



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के जोशी काका रिक्शा यूनियन के रिक्शा चालकों ने अंबरनाथ नगर परिषद को एक निवेदन देकर शहर में गृह विभाग द्वारा सीसीटीवी लगाने के लिए खोदे गए गड्ढों को पूर्ववत करने के लिए निवेदन दिया है. मुख्याधिकारी ऊमाकांत गायकवाड़ से भेंट करके बरसात पूर्व इन गड्ढों को पूर्ववत करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द इन गड्ढों को भरा जाएगा.

विदित हो कि गत दो महिने से शहर में गृह विभाग द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी बिठाने के लिए गड्ढे खोदकर सीमेंट की सड़क को तोड़कर केबल डालकर रखे गए हैं. लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण इन गड्ढों को ऐसे ही छोड़ दिया गया है. जिसके कारण गत कुछ दिनों से हो रही बारिश से ये गड्ढे पानी से भर गए हैं. गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे हैं. रिक्शा चालकों को इन गड्ढों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. ये कार्य अभी अधूरा है. कुछ जगह केबल डाले गए हैं. सीसीटीवी के लिए पोल खड़े किए गए हैं. ये गड्ढे जल्द से जल्द भरने की जरूरत है, ऐसा रिक्शा चालकों ने निवेदन में कहा है. शहर अभियंता राजेश तड़वी को निवृत्ति कुचिक, अशोक कलाल, दिलीप पाटिल आदि ने निवेदन दिया है. उस समय पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंखे भी उपस्थित थे.

# दो शातिर बाइक चोर गिरफ्तार



- **उल्हासनगर क्राइम ब्रांच टीम की सफल कार्रवाई**
- **तीन चोरी की मोटरसाइकिलें जब्त**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर क्राइम ब्रांच यूनिट 4 की टीम ने अंबरनाथ क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की 3 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। कुल 1,05,000 रुपये मूल्य के इन वाहनों को जब्त कर लिया गया है और आरोपियों ने तीन अपराध कबूल कर लिए हैं।

उल्हासनगर क्राइम ब्रांच के पुलिस कांस्टेबल अशोक थोरवे और रामदास उगले को गोपनीय मुखबिर से सूचना मिली कि मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोपी अरुण राजू गुप्ता और किसन नंदू गुप्ता आयुध निर्माणी क्षेत्र में आने वाले हैं। यह सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के मार्गदर्शन में पुलिस कर्मियों श्रीरंग गोसावी, गणेश गावड़े, राजेंद्र थोरवे, योगेश वाघ, चंदू सावंत, रितेश वंजारी और संजय शेरमाले की एक टीम ने तुरंत घटनास्थल पर जाल बिछाया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से 1 लाख 5 हजार रुपए कीमत के 4 दोपहिया वाहन जब्त किए हैं।

# नाले की सफाई से निकले कचरे के कारण अंबरनाथ में ट्रैफिक जाम

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मनपा प्रशासन द्वारा शुरू किए गए नाला सफाई कार्य में देरी के कारण कल्याण बदलापुर राज्य मार्ग प्रभावित हुआ। कल्याण-बदलापुर राज्य राजमार्ग पर नाले से दोपहर में कचरा निकालकर सड़क के किनारे डाल दिया गया। जिसके कारण बदलापुर जाने वाले मार्ग का आधा हिस्सा ब्लाक हो गया था. इसके कारण विमको नाका और लादी नाका इलाकों में वाहनों की कतारें लग गईं। इसके चलते वाहन चालकों में रोष व्याप्त है।

इस वर्ष मानसून की बारिश थोड़ी जल्दी शुरू हो गई। इसलिए, मई की शुरुआत से ही बेमौसम बारिश शुरू हो गई। पिछले तीन सप्ताह से लगातार बेमौसम बारिश हो रही है। इसके कारण स्थानीय प्रशासन का कार्यक्रम बाधित हो गया है। नगर पालिका और महावितरण जैसे संगठनों को मानसून पूर्व तैयारियों की योजना बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। इसी प्रकार नालों की सफाई का काम भी शुरू हो गया है।



अंबरनाथ नगर पालिका पश्चिम में कल्याण-बदलापुर राज्य राजमार्ग पर आंतरिक नालियों की सफाई कर रहा था। दोपहर तक विमको नाका और लादी नाका क्षेत्रों में नालियों से कचरा हटा दिया गया था। हालांकि, यह कचरा नए भेंडीपाड़ा क्षेत्र के अहिल्यादेवी होलकर प्रवेश द्वार पर राज्य राजमार्ग पर फेंक दिया गया। परिणामस्वरूप, विमको चेकप्वाइंट से आने वाले वाहन एक ही लेन में एकत्र हो गए। इसलिए इस क्षेत्र में गतिरोध पैदा हो गया। यहां पर गाड़ियां इसलिए मुड़ती हैं क्योंकि पास में ही सीएनजी पंप है। एक लेन बंद होने के कारण भीड़भाड़ बढ़ गई थी। बाद में लादी नाका के पास नाले का कचरा भी इसी तरह सड़क पर फेंक दिया गया था. लादी नाका क्षेत्र में बदलापुर की ओर जाने वाली सड़क पर चौराहे पर बड़ा गड्ढा है। इसलिए यहां वाहन धीमी गति से चलते हैं। परिणामस्वरूप चौराहे पर यातायात जाम हो जाता है। सड़क पर कूड़ा डाले जाने के कारण सड़क और भी संकरी हो गई थी। इसलिए, यहां भी दुविधा थी। इस नाले में कूड़ा-कचरा होने के कारण दुर्गंध भी आ रही है। बुधवार रात हुई बारिश से कूड़े से काला पानी भी फैल गया।

# अंबरनाथ में 5 गांजा विक्रेताओं को पकड़ा

- **अंबरनाथ में गांजे का व्यापार जोरों पर**

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में गत कई वर्षों से शहर पश्चिम के भगतसिंह नगर में कुछ महिलाएं, पुरुष गांजा, ड्रग्स, बटन गोली, कोरेक्स सिरफ का कारोबार कर रहे हैं. शहर के सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण गोसावी द्वारा गांजा विक्रेता महिलाओं एवं पुरुष के नाम के साथ पुलिस उपायुक्त को 22 मई को शिकायत करने के बाद उसी रात में पुलिस हरकत में आ गई और एसीपी के मार्गदर्शन में क्राइम निरीक्षक किशोर शिंदे के साथ कई पुलिस कर्मियों ने गोसावी द्वारा दिए गए गांजा विक्रेता महिलाओं के घरों भगत सिंह नगर में छापा मारकर 137 ग्राम गांजा, कफ सिरप, नशे की टेबलेट आदि बरामद करके मुख्य आरोपी आयशा शरीफ शेख, शबाना, साफिया अज्जू शेख, साहिल सलीम शेख, नियाज शेर खान सभी निवासी भगत सिंह को गिरफ्तार करके उन पर एनडीपीसी एक्ट 1985 के कलम 8 (क) सह 20 (ब) एक्ट के अनुसार अपराध दर्ज किया है.



दूसरे दिन शुक्रवार को प्रवीण गोसावी ने एक पत्रकार वार्तालाप का आयोजन करके पुलिस पर ये गंभीर आरोप लगाया है कि पुलिस ने कार्रवाई से पूर्व गांजा विक्रेताओं को पूर्व सूचना देने के कारण गांजा कम संख्या में पकड़ा गया. अगर उनको साथ ने लेकर ये कार्रवाई की जाती तो ज्यादा ड्रग्स पकड़ा जाता. उन्होंने पुलिस पर ये आरोप भी लगाया है कि कुछ पुलिसकर्मियों को यहां से हफ्ता भी मिलता है. पुलिस वालों को गांजा बेचने वालों के बारे में पूरी जानकारी होने के बावजूद इतने दिनों पर पुलिस ने कार्रवाई क्यों नहीं की. उनके द्वारा शिकायत करने के बाद दिए गए नामों पर कार्रवाई करते हुए गांजा पकड़ा गया है. उन्होंने पुलिस से कहा है कि अगर गांजा विक्रेताओं पर सही कार्रवाई नहीं की गई तो वह स्वत: उन गांजा विक्रेताओं को पकड़कर पुलिस के हवाले करेंगे.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## हाशिये की आवाज को मिला अंतरराष्ट्रीय मंच

दुबानू मुश्ताक के कन्नड़ भाषा में लिखे गए कहानी संग्रह 'हृदय दीप' के अनूदित संस्करण 'हार्ट लैंप' को अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिलने से एक बार फिर यह सिद्ध हुआ है कि भारतीय साहित्य का फलक बड़ा है। इस पुरस्कार ने लेखिका की जिंदगी और उनके साहित्य को दुनिया के सामने रखा है। दरअसल, बानू मुश्ताक ने पितृसत्तात्मक समाज में संघर्ष कर रही लाखों महिलाओं की पीड़ा को अपनी कहानियों में उकेरा है। अपनी कहानियों में दर्ज उन्हीं महिलाओं को पुरस्कार समर्पित करते हुए उन्होंने कहा भी है कि यह केवल उनकी जीत नहीं, बल्कि उन अनसुनी आवाजों का समवेत स्वर है, जिसे प्रायः दबा दिया जाता है। वकील और सामाजिक कार्यकर्ता बानू रूढ़िवाद के खिलाफ हमेशा मुखर रही हैं। यह उनके लेखन में स्पष्ट दिखता है। वे सामाजिक मुद्दे प्रमुखता से उठाती रही हैं। उनकी कहानियों में परंपरा और लोकभाषा जीवंत हो उठती है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों से साहित्य रचा है। इसलिए उनमें कल्पना के साथ तीखी सच्चाई है। उनका मानना है कि आज की बंटी हुई दुनिया में साहित्य एक ऐसी पवित्र जगह है, जहां हम कुछ देर के लिए ही सही, लेकिन एक दूसरे की भावना और जीवन को महसूस कर सकते हैं। लेखिका की यह भावना दुनिया से गुम हो रही संवेदना को बचाने की कोशिश है। जाहिर है, अब 'हार्ट लैंप' को बुकर पुरस्कार मिलना वैश्विक फलक पर भारतीय भाषाओं को अपनी पहचान स्थापित करने के रास्ते को और आसान बनाएगा। क्षेत्रीय भाषाओं में रचे जा रहे साहित्य को नए पाठक भी मिलेंगे। लंदन में संग्रह की अनुवादक दीपा भास्ती के साथ पुरस्कार ग्रहण करते समय बानू का यह कहना हर किसी को सुखद लगा कि कोई कहानी स्थानीय नहीं होती। उनके गांव के बरगद के पेड़ के नीचे बुनी कहानियां आज इस मंच तक को छाया दे रही हैं।

निश्चित रूप से यह कन्नड़ भाषा के लिए गौरव का क्षण है। यह पहली बार है जब इस भाषा में लिखी गई लघु कहानियों के अनूदित संग्रह को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला है। वहीं भारतीय साहित्य में दूसरी बार किसी लेखिका को बुकर पुरस्कार मिला है। यह सम्मान बानू मुश्ताक की कड़ी मेहनत को ही नहीं, बल्कि हाशिये के समुदायों और संकीर्ण विचारों से लड़ रहीं स्त्रियों को भी मिला है।

# दल से बड़ा देश का संदेश, अभाव दिखना खटकता है

आपरेशन सिंदूर पर हो रही बयानबाजी निराश करने वाली है। अतीत में ऐसे संकट के अवसरों पर जैसी राष्ट्रीय सहमति बनी, उसका अभाव दिखना खटकता है। राजनीतिक असहमति में कटुता और विद्वेष स्पष्ट दिख रहा है। इसके चलते सेना के शौर्य एवं पराक्रम की प्रशंसा के स्वर मद्धम पड़ते दिख रहे हैं। ध्यान रहे कि कोई भी लोकतंत्र तभी और ज्यादा मजबूत बनता है, जब उसमें अलग विचारों के लिए पर्याप्त जगह होती है। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव के उस वक्तव्य को आज याद करना चाहिए कि दल से बड़ा देश और विदेश नीति से बड़ी देश नीति। इसी तरह अटल बिहारी वाजपेयी के इस भाषण का स्मरण किया जाना चाहिए कि सत्ता का खेल तो चलेगा, सरकारें आएंगी-जाएंगी, पार्टियां बनेंगी-बिगड़ेंगी, मगर यह देश रहना चाहिए, देश का लोकतंत्र अमर रहना चाहिए।

1993-1994 में पाकिस्तान ने कश्मीर में मानवाधिकारों के हनन का आरोप लगाकर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान छेड़ दिया था। उसने इस्लामी देशों के संगठन ओआइसी के कई देशों को अपने पक्ष में खड़ा कर लिया था। इसके चलते कश्मीर में मानवाधिकार के कथित हनन का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठने लगा। तब अमेरिका पाकिस्तान का हितैषी था। पाकिस्तान ओआइसी के जरिये इस मामले को जेनेवा स्थित मानवाधिकार आयोग में ले गया। इसने भारत की चिंता बढ़ा दी। यदि मानवाधिकार आयोग में यह प्रस्ताव पारित हो जाता तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से




भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लग जाते। तब पाकिस्तान कश्मीर के बहाने इस्लामी दुनिया में अपनी अहमियत बढ़ाने में जुटा था।

कई इस्लामी देशों से भारत के रिश्ते अच्छे तो थे, लेकिन उक्त प्रस्ताव पर उनके और यहां तक कि बांग्लादेश के भी भारत के साथ खड़े होने की गारंटी नहीं थी। तब कश्मीर में सुरक्षा बलों की सक्रियता से आतंकियों के मारे जाने के समाचार आ रहे थे। इसी कारण पाकिस्तान यह दुष्प्रचार कर रहा था कि कश्मीरियों का उत्पीड़न हो रहा है। दिनेश सिंह उस समय विदेश मंत्री थे, लेकिन वह गंभीर रूप से बीमार थे, फिर भी नरसिंह राव ने उन्हें ईरान भेजा, क्योंकि वहां के विदेश मंत्री उनके मित्र थे। तब हमारी राजनीति में आज जैसी संकीर्णता और कटुता नहीं थी। सत्तापक्ष के साथ विपक्ष में भी अनुभवी नेता थे।

प्रधानमंत्री राव ने तय किया कि जेनेवा जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाजपेयी करेंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में विदेश राज्य मंत्री सलमान खुर्शीद, फारूक अब्दुल्ला, मुस्लिम लीग नेता ई. अहमद आदि के साथ हामिद अंसारी भी थे, जो तब राजनयिक थे। भाजपा का रुख यही था कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया जाए और फारूक अब्दुल्ला कहा करते थे कि जम्मू-कश्मीर विलय के समय किए गए वादों की अनदेखी हो रही है।

अभी जब मोदी सरकार ने पहलगाम की भयानक आतंकी घटना और फिर साहसिक सैन्य कार्रवाई के बाद विश्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला किया, तो बहुत ही अप्रिय राजनीति शुरू हो गई। कुछ नेताओं के वक्तव्य चौंकाने वाले भी रहे और सर्वदलीय सहमति की भावना के विरुद्ध भी। मौजूदा कूटनीतिक चुनौतियों को देखते हुए देश को एक संयुक्त और सशक्त राजनीतिक दृष्टिकोण की जरूरत है, जो दुनिया को यह बताए कि भारत पाकिस्तान पोषित आतंकवाद और अपनी सुरक्षा के मुद्दे पर एकजुट एवं अडिग है। यह ध्यान रहे कि उस समय प्रतिनिधिमंडल के लिए वाजपेयी जी का नाम प्रधानमंत्री राव द्वारा खुद तय किया गया था, न कि भाजपा द्वारा दिए गए नामों के आधार पर। तब मैं जनता दल में था। उस समय विपक्ष के किसी नेता ने नहीं कहा कि उन्हें इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा क्यों नहीं बनाया गया या फिर अमुक को क्यों बनाया गया?

यह भी याद रहे कि 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की साहसिक भूमिका की देश ने एक स्वर में प्रशंसा की थी। प्रशंसा करने वालों में प्रमुख थे वाजपेयी जी। सच तो यह है कि अतीत में कई बार राष्ट्रीय हित के विषयों पर राजनीतिक वर्ग ने देश-दुनिया को राजनीतिक एकजुटता का संदेश दिया।


बिना-शर्त प्रेम सभी को स्वीकार करता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# नक्सलवाद पर निर्णायक हमला

देश में नक्सली हिंसा लंबे समय से एक जटिल समस्या रही है। इससे निपटने के लिए सरकार ने कई स्तर पर मोर्चेबंदी की है और वह अब भी जारी है। मगर सच यह है कि अब भी इस समस्या और इसकी जड़ों से पार पाना एक चुनौती है। हालांकि नक्सली हिंसा का सामना करने के क्रम में पिछले कुछ समय से सुरक्षा बलों को जैसी कामयाबी मिल रही है, उससे कहा जा सकता है कि सरकार इसे खत्म करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ काम कर रही है और इसी मुताबिक जमीनी स्तर पर भी कार्रवाई कर रही है।

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-बीजापुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती इलाकों में बुधवार को सुरक्षा बलों द्वारा सत्ताईस नक्सलियों को मार गिराने की खबर आई। खुफिया जानकारी के बाद घेरेबंदी कर की गई इस कार्रवाई में शीर्ष माओवादी नेता नंबाला केशव राव उर्फ वसवराजू को भी मार गिराया गया। इसके अलावा, गुरुवार को राज्य के सुकमा जिले में भी नक्सल विरोधी अभियान के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के एक कोबरा कमांडो की मौत हो गई और मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया।

जाहिर है, देश भर में नक्सली हिंसा का सामना करने और इसे खत्म करने के लिए किए जाने वाले सरकारी दावों के लिहाज से ताजा कार्रवाई को एक बड़ी



कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है। खासतौर पर इसलिए भी कि पिछले कुछ वर्षों से नक्सल विरोधी अभियान में तेजी के साथ छिटपुट स्तर पर नक्सलियों को या तो मार गिराने या फिर उनका समर्पण कराने में सरकार को लगातार सफलता मिल रही थी।

मगर इस बार के मुठभेड़ को सरकार ज्यादा अहम इसलिए मान रही है कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई के तीन दशकों के दौरान यह पहली बार है जब सुरक्षा बलों ने एक शीर्ष स्तर के किसी नेता को मारा है। ताजा अभियान के तहत हाल के दिनों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में चौवन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और चौरासी ने आत्मसमर्पण कर दिया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, सिर्फ इस वर्ष अब तक एक सौ अस्सी से ज्यादा माओवादी मारे गए और कई सौ ने आत्मसमर्पण भी किया।

निश्चित तौर पर नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने, आत्मसमर्पण और उनकी गिरफ्तारी को प्रत्यक्ष नक्सली हिंसा को समाप्त करने की दिशा में अहम उपलब्धि माना जा सकता है। मगर इस समस्या की जड़ें सामाजिक-आर्थिक कारणों में भी छिपी हैं। इसलिए प्रत्यक्ष कार्रवाई के साथ-साथ उनके समाधान या उन्हें दूर करने के लिए भी एक ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम करने की जरूरत है।

मसलन, नक्सली समूहों तक वित्तीय मदद और हथियार पहुंचने के रास्तों या माध्यमों को खत्म करने, नक्सल प्रभावित इलाकों में आम लोगों के बीच विश्वास पैदा करने, उन्हें बुनियादी और भूमि अधिकार देने, मुख्यधारा में लाने, ऋण माफ करने और गरीबी दूर करने के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक वंचनाओं से मुक्ति दिलाने जैसे अन्य पहलुओं पर भी स्थायी हल तलाशने की मंशा के साथ काम करने की जरूरत है। नक्सलवाद से प्रभावित इलाकों में चलाए गए अभियानों के बाद अब ऐसी संभावना भी जताई जाने लगी है कि यह समस्या अपने अंतिम चरण में है, लेकिन अगर कुछ बड़ी कामयाबियों के आधार पर भी इस समस्या की जड़ों पर चोट करने को लेकर शिथिलता बरती गई तो शायद यह इसकी जटिलता की अनदेखी साबित होगी।

# 800 साल पुरानी महिला की ममी के गाल पर मिले टैटू

जरा हट के

ममीकरण वह प्रक्रिया है जिसमें किसी जीव का शव इस तरह से रखा जाता है जिससे शव को अन्य जीव और कीटाणु ना खांए और ना ही शरीर के किसी हिस्से पर किसी तरह का रासायनिक प्रतिक्रिया या बदालव हो. पुरानी कई सभ्यताओं में शवों को ममी की तरह रखने जाने का रिवाज़ होता था. आज के वैज्ञानिक इन ममियों का अध्ययन करके उस दौर के इतिहास के बारे में जानने की कोशिश करते हैं. ऐसे ही एक अध्ययन में शोधकर्ताओं को एक पुरानी ममी में ऐसा टैटू देखा है जिसके स्याही आज भी साफ साफ दिख रही है. वैज्ञानिक हैरान है कि आखिर यह किस तरह कि स्याही थी जो आज तक बनी रह गई?

### कितनी पुरानी है ये ममी?

यह ममी दक्षिण अमेरिकी महिला की है जिसकी ममी 800 साल पहले बनाई गई थी. एक



करीब एक सदी पहले ही इटली के एक म्यूजियम को दान में दिया गया था. वैसे तो टैटू में स्याही का इस्तेमाल करीब एक हज़ार साल पहले से होता आ रहा है. लेकिन इस ममी में टैटू वैज्ञानिकों के लिए कई लिहाज से रहस्यमयी है.

### कैसे हुई टैटू की पहचान?

इटली के ट्यूरिन विश्वविद्यालय के जियानलुइगी मंगियापेन की अगुआई में मानवविज्ञानी और पुरातत्वविदों की एक टीम ने ममी पर अनोखे टैटू डिज़ाइन पाए हैं. उन्हें असामान्य रूप से अच्छी तरह से संरक्षित किया गया था. ममीकरण प्रक्रिया ने उसकी त्वचा को काला कर दिया है, जिससे टैटू को देखना मुश्किल हो गया है. लेकिन कई सारी इमेजिंग तकनीकों के साथ, शोधकर्ता बेमिसाल डिज़ाइनों की बेहतर तस्वीर हासिल करने में कामयाब रहे.

ममी के गालों पर एक कम से कम लेकिन असामान्य तीन-कतारों वाला डिज़ाइन पाया गया है. शोधकर्ताओं का कहना है कि टैटू गाल बहुत ही कम मिल पाते हैं. इसकी वजह ये भी है कि वे आसानी से छूट भी जाते हैं. लेकिन इस ममी में ये टैटू ना केवल कायम रहे बल्कि बहुत गहरे भी मिले हैं.




# टमाटर कटोरी चाट

**सामग्री :**

- 2 बड़े टमाटर
- तेल
- 2 आलू
- एक कप सफेद मटर
- 2 चम्मच कॉर्नफ्लोर
- स्वादानुसार नमक
- हरी मिर्च
- धनिया पत्ता
- एक प्याज
- दही
- हरी चटनी
- इमली की चटनी
- सेव
- काला नमक
- लाल मिर्च पाउडर
- चाट मसाला

**विधि :**

सबसे पहले आलू को उबाल लें और उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर रख लें।

दूसरी तरफ सफेद मटर को भी उबाल लें, ताकि वे नरम हो जाएं। अब टमामटर लें और उसे ऊपर से काट लें। अब एक चम्मच की मदद से टमाटर के अंदर के बीज और गूदा बाहर निकाल लें। ध्यान रखें कि टमाटर टूटे नहीं।



अब टमाटर में हल्का नमक और कॉन्फ्लोर से अंदर और बाहर की तरफ से कोट कर लें। अब एक कड़ाही में तेल गर्म करें और उसमें इन टमाटरों को डीप फ्राई कर लें। जब टमाटर क्रिस्पी होने लगें, तब इन्हें निकालकर एक पेपर टॉल पर रख दें, ताकि एक्स्ट्रा तेल बाहर निकल जाए। अब एक कटोरे में कटे हुए आलू, सफेद मटर, बारीक कटे प्याज, टमाटर, हरी मिर्च और धनिया पत्ता डालें। अब इसमें चाट मसाला, नमक, काला नमक और नींबू का रस मिलाएं।

इस फिलिंग को टमाटर के अंदर भरें और ऊपर से दही, हरी चटनी और इमली की चटनी डालें। अब इसके ऊपर सेव डालें और हल्का-सा चाट मसाला छिड़कें।


टमाटर कटोरी चाट बनकर तैयार है। इसे एक प्लेट में रखकर सर्व करें।

# पुरुषों की हाइट क्यों होती है महिलाओं से ज्यादा?

- **क्या है 5 ईंच का चक्कर!...**
- **वैज्ञानिकों ने खोज ली वजह**

महिला और पुरुष, शारीरिक संरचना में एक-दूसरे से अलग होते हैं और ये अंतर प्रकृति ने दिया है. ऐसा ही एक अंतर है महिला और पुरुषों की हाइट में. पुरुष सामान्यतः महिलाओं से लंबे होते हैं. लेकिन आखिर ऐसा क्या कारण है? अगर आपके मन में भी ये सवाल आता है तो वैज्ञानिकों ने अब इस सवाल का जवाब ढूंढ लिया है. पुरुषों और महिलाओं के कद में औसतन 5 इंच का अंतर होता है. अब वैज्ञानिकों ने इस सवाल का जवाब ढूंढ लिया है. नई रिसर्च में ये बात सामने आई है कि इसका कारण जैविक, आनुवंशिक, और हार्मोनल कारकों में निहित है.

अमेरिका और ब्रिटेन की टीमों ने मिलकर करीब 10 लाख लोगों के डीएनए डेटा का विश्लेषण किया और पाया कि एक खास जीन पुरुषों को महिलाओं से लंबा बनाता है. ये अध्ययन प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल अकेडमी ऑफ साइंस में पब्लिश हुई है.



**आनुवंशिकी** – लंबाई मुख्य रूप से आनुवंशिक कारकों पर निर्भर करती है. पुरुषों और महिलाओं में X और Y क्रोमोसोम की उपस्थिति लंबाई को प्रभावित करती है. पुरुषों का क्रोमोसोम संयोजन XY होता है, जबकि महिलाओं का XX होता है. Y क्रोमोसोम में कुछ जीन, जैसे कि SHOX (Short Stature Homeobox) जीन, हड्डियों की वृद्धि और लंबाई को नियंत्रित करते हैं. पुरुषों में Y क्रोमोसोम की उपस्थिति और इससे संबंधित जीन लंबाई को बढ़ाने में योगदान दे सकते हैं. हालांकि SHOX जीन महिला और पुरुष दोनों में होता है, फिर भी इसके असर में फर्क होता है. इसकी वजह है कि SHOX जीन Y क्रोमोसोम पर ज्यादा सक्रिय होता है जिससे पुरुषों की लंबाई बढ़ती है.

इस अध्ययन में ऐसे लोगों को भी शामिल किया गया जिनके शरीर में X या Y क्रोमोसोम एक्स्ट्रा होते हैं. ये दुर्लभ स्थितियां हैं. ऐसे मामलों में देखा गया कि अतिरिक्त Y क्रोमोसोम से लोगों की लंबाई ज्यादा बढ़ी जबकि अतिरिक्त X क्रोमोसोम से उतना असर नहीं हुआ. इससे साफ हुआ कि Y क्रोमोसोम में मौजूद SHOX जीन लंबाई पर ज्यादा असर डालता है. वैज्ञानिकों का कहना है कि SHOX जीन की यह खास स्थिति महिलाओं में थोड़ी कम सक्रिय होती है जिससे उन्हें इसका पूरा फायदा नहीं मिलता. यह जीन पुरुषों में अधिक काम करता है और यही लगभग 25% तक पुरुषों की अधिक लंबाई का कारण बनता है. बाकी फर्क टेस्टोस्टेरोन जैसे सेक्स हार्मोन और दूसरे आनुवांशिक कारणों की वजह से आता है.

इस नए अध्ययन के अलावा महिला-पुरुषों की हाइट में अंतर के पीछे की वजह कुछ अन्य भी होते हैं. जैसे हार्मोनल अंतर (Hormonal Differences). लंबाई में अंतर का एक प्रमुख कारण टेस्टोस्टेरोन और एस्ट्रोजन हार्मोन भी होते हैं. टेस्टोस्टेरोन पुरुषों में यौवन के दौरान हड्डियों और मांसपेशियों की वृद्धि को बढ़ावा देता है. यह हड्डियों की लंबाई और घनत्व को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे पुरुषों की औसत ऊंचाई अधिक होती है. जबकि एस्ट्रोजन महिलाओं में हड्डियों की वृद्धि को कंट्रोल करता है. इसके अलावा महिला और पुरुषों की प्यूबर्टी (यौवन) टाइमिंग, बॉडी स्ट्रक्चर जैसी चीजें भी हाइट के अंतर के लिए जिम्मेदार होते हैं.

## आज का राशिफल

**मेष :** नौकरी में कार्यभार रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय में निश्चितता रहेगी। जोखिम न लें। एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यर्थ दौड़धूप होगी। विवाद से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। काम में मन नहीं लगेगा।

**वृषभ :** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। लाभ देगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि में जल्दबाजी न करें। लाभ होगा।

**मिथुन :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। फिजूलखर्ची ज्यादा होगी। शत्रु भय रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। दूर यात्रा की योजना बनेगी। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। जोखिम न लें।

**कर्क :** व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ने के योग हैं। कोई बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। लेन-देन में सावधानी रखें। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह :** स्वयं के काम पर ध्यान दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा। कार्यकुशलता कम होगी। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। किसी व्यक्ति के काम की जवाबदारी न लें।

**कन्या :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें। घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी।

**तुला :** सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनहानि हो सकती है। सावधानी आवश्यक है। थकान महसूस होगी।

**वृश्चिक :** तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी जानकार व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु :** भागदौड़ होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। लाभ के लिए प्रयास करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों से कहासुनी हो सकती है।

**मकर :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि अपमान हो। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें। नौकरी में चैन रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी।

**कुंभ :** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। आशंका व कुशंका रहेगी। कार्य में बाधा संभव है। उत्साह बना रहेगा। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। सुख के साधन जुटेंगे।

**मीन :** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक का प्रयोग करें। समस्याएं कम होंगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# देसी तरीके से तैयार करें हेयर डाई

- **ये है बालों को काला करने का घरेलू तरीका**

सफेद बाल अब किसी भी उम्र में दिखाई देने लगे हैं. पहले यह समस्या बढ़ती उम्र के साथ सामने आती थी, लेकिन अब तो कम उम्र में भी लोगों के बाल सफेद होने लगे हैं. इसके पीछे कई वजहें हो सकती हैं जैसे तनाव, खराब खानपान, नींद की कमी, या फिर बाजार में मिलने वाले केमिकल वाले हेयर प्रोडक्ट्स का ज्यादा इस्तेमाल. जब बात बालों को काला करने की आती है, तो सबसे पहला नाम मेहंदी का आता है. लेकिन कई बार जब लोग मेहंदी लगाते हैं तो सफेद बाल काले नहीं, बल्कि संतरी या हल्के भूरे रंग के हो जाते हैं. यह नजारा थोड़ा अजीब भी लगता है और मनचाहा परिणाम नहीं मिलता. अगर आप भी ऐसा ही अनुभव कर चुके हैं, तो चिंता की कोई बात नहीं. यहां हम आपको एक ऐसा तरीका बताएंगे जिससे मेहंदी से बाल संतरी नहीं, बल्कि गहरे काले हो जाएंगे और वो भी लंबे समय तक.

- **ऐसे बनाएं लोहे की कड़ाही में मेहंदी डाई**

इस खास हेयर डाई को बनाने के लिए जरूरी है कि आप लोहे की



कड़ाही का इस्तेमाल करें. लोहे की कड़ाही में तैयार किया गया मेहंदी का घोल बालों को काले रंग में रंगने में काफी असरदार होता है.

### ज़रूरी चीज़ें जो आपको चाहिए

1. एक ग्लास चुकंदर का रस
2. थोड़ी सी मेहंदी
3. चुकंदर का सूखा पाउडर
4. 2 चम्मच कलौंजी पाउडर
5. 2 चम्मच मेथी पाउडर
6. 2 चम्मच चायपत्ती

इन सभी चीजों को लोहे की कड़ाही में डालकर धीमी आंच पर पकाएं. जब मिश्रण गाढ़ा हो जाए और अच्छी तरह पक जाए तो गैस बंद कर दें. अब इस मिश्रण को ढककर 24 घंटे तक इसी कड़ाही में रखें. इससे लोहे का असर घोल में अच्छे से मिल जाता है.

अगले दिन इसमें थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट जैसा बना लें. इस डाई को बालों पर लगाएं और 30 से 60 मिनट तक छोड़ दें. फिर सामान्य पानी से धो लें. आप पाएंगे कि सफेद बाल अब संतरी नहीं, बल्कि गहरे काले रंग के हो चुके हैं.

### कुछ और असरदार नुस्खे

अगर आप चाहें तो मेहंदी के साथ-साथ कुछ और घरेलू उपाय भी आज़मा सकते हैं जो सफेद बालों को काला करने में मदद करते हैं.

**1. आंवला और मेथी का हेयर मास्क**

6-7 आंवला, 3 चम्मच नारियल तेल और 1 चम्मच मेथी पाउडर मिलाकर धीमी आंच पर पकाएं. जब यह ठंडा हो जाए, तो इसे बालों की जड़ों में लगाएं और रातभर के लिए छोड़ दें. सुबह बाल धो लें.

**2. काली चाय का पानी**

चायपत्ती को पानी में उबालकर ठंडा करें और छान लें. इससे हफ्ते में 2-3 बार बाल धोने से बालों पर हल्का काला रंग चढ़ने लगता है.

# कांच की बोतल से ऐसे हटाएं स्टीकर

कांच की बोतलें और जार हमारे घर में कई काम आते हैं. लेकिन उन पर लगे स्टीकर या लेबल को हटाना एक बड़ा सिरदर्द बन सकता है. कई बार ये स्टीकर आसानी से नहीं हटते और चिपचिपा गोंद पीछे छूट जाता है. अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो परेशान होने की जरूरत नहीं है. यहां हम आपको बताएंगे ऐसा आसान तरीका, जिनकी मदद से आप कांच की बोतलों को साफ कर सकते हैं और उन्हें दोबारा इस्तेमाल के लिए तैयार कर सकते हैं.

### सिरका और किचन पेपर

सबसे पहले किचन पेपर लें और इसे स्टीकर वाले हिस्से पर रखें. अब इस पर सिरका (विनेगर) स्प्रे करें. सिरका पेपर के जरिए स्टीकर और गोंद को नरम कर देता है. इसे 1 मिनट तक ऐसे ही रहने दें. फिर धीरे-धीरे स्टीकर को छीलें. यह पूरी तरह से निकल जाएगा. यदि कोई अवशेष बचा हो, तो गीले कपड़े से साफ करें.

### अन्य तरीके

**गर्म पानी और साबुन–** एक बड़ा कटोरा लें और उसमें गर्म पानी और थोड़ा लिक्विड डिश वॉश मिलाएं. बोतल को इस पानी में डुबो



दें और 10-15 मिनट तक छोड़ दें. इसके बाद, स्टीकर को आसानी से हटाया जा सकता है. यदि गोंद चिपका रह जाए, तो स्पंज की मदद से इसे साफ करें.

**बेकिंग सोडा और नारियल तेल–** एक चम्मच बेकिंग सोडा और एक चम्मच नारियल तेल को मिलाकर पेस्ट बनाएं. इसे स्टीकर वाले हिस्से पर लगाएं और हल्के हाथ से रगड़ें. बेकिंग सोडा एक नेचुरल एक्सफोलिएटर की तरह काम करता है, जबकि नारियल तेल गोंद को ढीला करने में मदद करता है. यह न केवल स्टीकर हटाने में मदद करेगा, बल्कि कांच को चमकदार भी बनाएगा.

**हेयर ड्रायर का इस्तेमाल–** स्टीकर हटाने के लिए हेयर ड्रायर भी एक कारगर उपाय है. हेयर ड्रायर को स्टीकर पर करीब 30 सेकंड तक लगाएं. गर्म हवा से स्टीकर का गोंद नरम हो जाएगा, जिससे इसे आसानी से हटाया जा सकता है. हालांकि, ध्यान दें कि बोतल ज्यादा गर्म न हो जाए.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### बारात में डांस के दौरान हुआ विवाद, वकील की डंडा मारकर हत्या, चार गिरफ्तार

**जौनपुर.** यूपी के जौनपुर जिले में तेजीबजार थाना क्षेत्र के पिपरी गांव में शुक्रवार की रात आई बारात में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में अपने मौसा के यहां रिश्तेदारी में आए युवा अधिवक्ता की मौत हो गई। पुलिस ने नामजद चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार जिले में तेजीबाजार थाना क्षेत्र के हैदरपुर गांव निवासी 30 वर्षीय युवा अधिवक्ता रणजीत विश्वकर्मा शुक्रवार को अपने मौसा की लड़की की शादी में अपने साथियों के साथ आया था, रात में जब बाराती डांस कर रहे थे, तभी एक बाराती का मोबाइल चोरी हो गया। यह बात जब घरातियों को पता चली तो एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप करने लगे। इसी बात को लेकर घरातियों में ही आपस में मारपीट हो गई।

### पत्नी मायके गई तो बेटी को बनाया हवस का शिकार, संभल में बाप की शर्मनाक करतूत

**संभल.** यूपी के संभल में एक बाप की शर्मनाक करतूत सामने आई है। उसकी पत्नी मायके गई तो घर में अपनी बेटी को ही हवस का शिकार बना दिया। संभल के हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले इस कलयुगी पिता की पीड़ित बेटी इंटर की छात्रा है। आरोपी पिता ने बेटी को घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। इसके बाद भी पीड़िता ने हिम्मत दिखाई। उसने मां को फोन कर घटना के बारे में बताया। मां पीड़ित बेटी को लेकर थाने पहुंची और आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### मदरसों में अब बिना आधार के प्रवेश नहीं


**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के दीनों मदरसों में अब बिना आधार के प्रवेश नहीं मिलेगा। दाखिले के समय बच्चों संग अभिभावकों का आधार कार्ड भी लगेगा। अभिभावकों से शपथ पत्र भी लिया जाएगा जिसमें लिखा होगा कि अपनी मर्जी से बच्चे का प्रवेश मदरसे में करा रहे हैं। जमीअत उलमा ए हिंद की ओर से इसे अनिवार्य किया गया है। जमीअत उलमा के सेंट्रल जोन की दो दिवसीय बैठक में दीनी मदरसों में सुधार पर चर्चा की गई। मदरसों की तालीमी निजाम (शिक्षा की व्यवस्था), आंतरिक व्यवस्था और प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव पर भी मंथन किया गया। इसमें जमीअत उलमा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने भी शिरकत की थी।

### हल्दी की रस्म में ग्राम प्रधान ने की हर्ष फायरिंग, FIR

**सुलतानपुर.** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में बेटी की हल्दी की रस्म के दौरान हर्ष फायरिंग करना ग्राम प्रधान को भारी पड़ गया है। बेटी की हल्दी के दौरान प्रधान पिता ने महिलाओं के बीच डांस करते हुए लाइसेंसी रिवाल्वर से ताबड़तोड़ तीन गोलियां दागीं। अति उत्साह में घर से ही वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की है। मामला शिवगढ़ थानाक्षेत्र के बजेठी गांव का है।

# 8 दिन पहले केरल पहुंचा मानसून

- यह 16 साल में सबसे जल्दी;
- 4 जून तक MP-UP पहुंचने की संभावना



**नई दिल्ली.** मानसून शनिवार को केरल पहुंच गया। यह अपने तय समय 8 दिन पहले पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक, 16 साल में ऐसा पहली बार हुआ जब मानसून इतनी जल्दी आया है। 2009 में मानसून 9 दिन पहले केरल पहुंचा था। वहीं, पिछले साल यह 30 मई को केरल पहुंचा था।

मानसून चार दिन से देश से करीब 40-50 किलोमीटर दूर अटका था और शुक्रवार शाम आगे बढ़ा। इसके आज ही तमिलनाडु और कर्नाटक के कई इलाकों में भी पहुंचने की संभावना है। एक हफ्ते में देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों जबकि 4 जून तक मध्य और पूर्वी भारत को कवर कर सकता है।

आम तौर पर मानसून 1 जून को केरल पहुंचता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास वापस लौटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है।

### 1972 में सबसे देरी से केरल पहुंचा था मानसून

IMD के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 150 साल में मानसून के केरल पहुंचने की तारीखें काफी अलग रही हैं। 1918 में मानसून सबसे पहले 11 मई को केरल पहुंच गया था, जबकि 1972 में सबसे देरी से 18 जून को केरल पहुंचा था।

### इस साल अल नीनो की संभावना नहीं

मौसम विभाग ने अप्रैल में कहा था कि 2025 के मानसून सीजन के दौरान अल नीनो की संभावना नहीं है। यानी इस साल सामान्य से ज्यादा बारिश होगी। कम बारिश की आशंका न के बराबर है। 2023 में अल नीनो सक्रिय था, जिसके कारण मानसून सीजन में सामान्य से 6 फीसदी कम बारिश हुई थी।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार, मानसून की शुरुआत की तारीख और सीजन के दौरान कुल बारिश के बीच कोई संबंध नहीं है। इसके जल्दी या देर से पहुंचने का मतलब यह नहीं है कि यह देश के अन्य हिस्सों को भी उसी तरह कवर करेगा।

# देश में 25 मई से 2 जून तक नौतपा

- राजस्थान में पारा 48C पहुंचा
- MP के 17, UP के 65 जिलों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली.** देश में 25 मई से 2 जून तक नौतपा शुरू हो रहे हैं। इस दौरान भयंकर गर्मी पड़ती है। कई राज्यों में तापमान 48°C तक जाने की संभावना है। 2024 में दिल्ली के मुंगेशपुर में नौतपा के दौरान तापमान 52.3°C तक पहुंच गया था, जो रिकॉर्ड है।

मौसम विभाग ने शनिवार को देश के 28 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इधर, पश्चिमी राजस्थान में गर्मी जारी है। 16 जिलों में 27 मई तक हीटवेव का रेड अलर्ट है। आज भी 11 जिलों में लू की चेतावनी है। राज्य के जैसलमेर में शुक्रवार को सबसे ज्यादा 48°C तापमान रहा था।

मध्य प्रदेश के 4 जिलों में आज सुबह से तेज आंधी चल रही है। 17 जिलों में बारिश की संभावना है। यूपी के 65 जिलों में बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट है। इस दौरान 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून की एंट्री हो गई है। अगले 7 दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट है। रायपुर-दुर्ग में सुबह से ही तेज बारिश हुई। बिहार के सभी 38 जिलों में बारिश की संभावना है। पंजाब के 12 जिलों में बारिश 4 जिलों में लू चल रही है।

# गुजरात बॉर्डर पर पाक घुसपैठिया मारा गया

- कच्छ से जासूस भी अरेस्ट
- इलाके की संवेदनशील तस्वीरें PAK भेजी थीं

**बनासकांठा.** भारतीय सीमा में घुस रहे पाकिस्तानी घुसपैठिए को BSF ने मार गिराया है। घटना 23 मई की रात की है। शनिवार सुबह सिक्योरिटी फोर्स ने इसकी जानकारी दी। BSF ने बताया, गुजरात के बनासकांठा जिले में जवानों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को इंटरनेशनल बॉर्डर पार करते देखा। उसे रुकने के लिए कहा गया, जब वह नहीं रुका तो गोली चलानी पड़ी।

उधर गुजरात ATS ने कच्छ से एक पाकिस्तानी जासूस सहदेव सिंह गोहिल को भी अरेस्ट किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने कच्छ सीमा के संवेदनशील इलाकों की तस्वीरें पाकिस्तान भेजी थीं।

ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने और पाकिस्तान की सच्चाई बताने के लिए भारत से अब तक 5 डेलीगेशन दुनिया के कई देशों के लिए रवाना हो चुके हैं।

# हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

- PM बोले- राज्य विकसित, तभी भारत विकसित होगा
- नीति आयोग की बैठक में तीन राज्यों के CM नहीं आए




**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। पीएम ने कहा- हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा।

इस बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और CEO शामिल हुए।

नीति आयोग के स्टेटमेंट के मुताबिक, इस साल बैठक की थीम 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य' है। बैठक में भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए राज्यों की भूमिका पर जोर दिया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय को लेकर भी चर्चा होगी।

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को देश के सामने मौजूद विकास से जुड़ी चुनौतियों के बारे में बताया। इसके अलावा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्य किस तरह आधारशिला बन सकते हैं, यह भी बताया गया। बैठक में उद्यमिता, कौशल और देश भर में स्थायी रोजगार के अवसर बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा की गई।

### 3 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया


नीति आयोग की मीटिंग में तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा नहीं लिया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पहले से निर्धारित कार्यक्रम का हवाला देते हुए मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया। वहीं केरल के CM पिनाराई विजयन ने अपनी ओर से अपने कैबिनेट सहयोगी के एन बालगोपाल को भेजा। इसी तरह, पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगासामी भी बैठक में शामिल नहीं हुए।

# सिर्फ चार वार से दुश्मन लाचार!

## सेना की वो एयर स्ट्राइक, जिससे घुटनों पर आया पाक

**नई दिल्ली.** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए जबरदस्त सैन्य टकराव में भारतीय सेना ने जबरदस्त पराक्रम दिखाया। जवाब में पाकिस्तान ने ₹बुनयान अल-मर्सूस₹ ऑपरेशन जरूर शुरू किया, यह महज 8 घंटे में ही दम तोड़ गया और पाक को अमेरिका से युद्धविराम के लिए गुहार लगानी पड़ी। भारतीय वायुसेना ने चार ऐसी जबरदस्त एयर स्ट्राइक की, जिसने पाक को घुटनों पर लाने के लिए मजबूर कर दिया था। राफेल और सुखोई से चली मिसाइलों ने पाकिस्तान के एयरबेस चकलाला, जैकोबाबाद और भोलारी को हिला दिया। पहली ही स्ट्राइक में पाक की नॉर्दर्न एयर कमांड तबाह हो गई थी।

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ चलाकर पाकिस्तान और उसके आतंकी आकाओं की हेकड़ी निकाल दी। ये सिर्फ हमले नहीं, भारत की ताकत का साफ संदेश था। पहली ही स्ट्राइक में भारतीय वायुसेना ने नॉर्दर्न एयर कमांड को तबाह कर अपने इरादे दिखा दिए थे।



- **पहली स्ट्राइक से नूर खान एयरबेस तबाह**

भारतीय राफेल लड़ाकू विमानों से दागी गई SCALP मिसाइल और सुखोई-30MKI से छोड़ी गई ब्रह्मोस मिसाइलों ने इस्लामाबाद के पास स्थित चकलाला एयरबेस (नूर खान एयरबेस) पर सटीक हमला किया। यहां पाकिस्तान की नॉर्दर्न एयर कमांड का मुख्य नियंत्रण केंद्र था — जो पहले ही हमले में नेस्तनाबूद हो गया।

- **दूसरी और तीसरी स्ट्राइक में पाकिस्तान की तैयारी ध्वस्त**

आगे की स्ट्राइकों में पाकिस्तानी एयर डिफेंस सिस्टम, विमान और ग्राउंड असेट्स को निशाना बनाया गया। सटीकता इतनी जबरदस्त थी कि दुश्मन की पलटवार की कोशिशें खुद मलबे में दब गईं।

- **चौथी और अंतिम स्ट्राइक से जैकोबाबाद और भोलारी पर कहर**

भारतीय वायुसेना की अंतिम स्ट्राइक ने जैकोबाबाद और भोलारी एयरबेस को पूरी तरह जर्जर कर दिया। इन दोनों ठिकानों से पाकिस्तान को जवाबी हमले की उम्मीद थी — लेकिन भारतीय मिसाइलों की बारिश ने उसे घुटनों पर ला दिया।

# CJI-प्रोटोकॉल : अफसरों पर कार्रवाई की याचिका खारिज

- चीफ जस्टिस गवई ने कहा- यह सस्ती पब्लिसिटी
- याचिकाकर्ता पर 7000 रुपए जुर्माना लगाया



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक वकील की जनहित याचिका (PIL) को खारिज कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र के सीनियर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का आरोप था कि इन अधिकारियों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) बी आर गवई के पहले मुंबई दौरे के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया।

मुख्य न्यायाधीश गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इस याचिका को 'पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन' बताया और 7 साल के अनुभव वाले याचिकाकर्ता वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी पर 7,000 रुपए का जुर्माना लगाया, जो उन्हें लीगल सर्विसेज अथॉरिटी में जमा करना होगा।

### CJI ने याचिकाकर्ता से कहा- आप अखबार में अपना नाम छपवाना चाहते हैं

सुनवाई के दौरान CJI ने कहा, 'ये बहुत छोटा मामला है, इसे इतना बड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए। कोर्ट पहले ही प्रेस रिलीज के जरिए यह साफ कर चुका है कि इस मुद्दे को यहीं खत्म कर दिया जाना चाहिए।'

उन्होंने याचिकाकर्ता से कहा, 'आप बस अखबार में अपना नाम छपवाना चाहते हैं। अगर आपने पद की गरिमा के बारे में सोचा होता, तो आपको पता होता कि मैंने इस मामले को यहीं समाप्त करने की अपील की थी। यह याचिका जुर्माने के साथ खारिज की जाएगी।'

पीठ ने कहा कि CJI पहले ही सार्वजनिक रूप से इस मामले पर अपनी बात रख चुके हैं और यह कोई गंभीर मुद्दा नहीं था, इसलिए इसे बढ़ा-चढ़ाकर नहीं दिखाना चाहिए।

### CJI बोले- तीनों अधिकारियों ने माफी मांग ली है

CJI ने बताया, 'तीनों अधिकारी मेरे रवाना होने तक एयरपोर्ट पर मौजूद थे और उन्होंने सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी थी। इस मामले को खत्म करने के लिए एक प्रेस नोट भी जारी किया गया था। यह किसी व्यक्ति विशेष की बात नहीं है, बल्कि पद की गरिमा का मामला है। हमें तिल का ताड़ नहीं बनाना चाहिए।'

CJI ने आगे कहा कि इस मामले को लेकर कोर्ट में बहस जारी रखने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि यह पहले ही सुलझ चुका है। इससे सिर्फ अनावश्यक ध्यान आकर्षित होता है। मुख्य न्यायाधीश के पद को बेवजह विवादों में न घसीटा जाए।'

# शुभमन गिल भारत के टेस्ट कप्तान बने




- पंत उप-कप्तान
- इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय टीम का ऐलान

बल्लेबाज शुभमन गिल भारतीय टेस्ट टीम के नए कप्तान बनाए गए हैं। ऋषभ पंत उप-कप्तान चुने गए हैं। BCCI ने शनिवार को मुंबई में हुई मीटिंग में इसका ऐलान किया। साथ ही इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा भी हुई। 20 जून से शुरू हो रहे इंग्लैंड दौरे में भारत को 5 टेस्ट खेलने हैं।

विराट कोहली और रोहित शर्मा के रिटायरमेंट के बाद टीम में साई सुदर्शन और करुण नायर को जगह मिली है। वहीं शार्दुल ठाकुर की टीम में वापसी हुई है।

### गिल टेस्ट में 5वें सबसे युवा भारतीय कप्तान

25 साल और 258 दिन की उम्र में गिल टेस्ट में भारत की कप्तानी करने वाले पांचवें सबसे युवा क्रिकेटर बन गए हैं। उनसे पहले मंसूर अली खान पटौदी (21 साल, 77 दिन), सचिन तेंदुलकर (23 साल, 169 दिन), कपिल देव (24 साल, 48 दिन) और रवि शास्त्री (25 साल, 229 दिन) हैं।

33 साल के करुण नायर 8 साल बाद टेस्ट मैच खेलेंगे। उन्होंने 2017 में आखिरी टेस्ट खेला था। डोमेस्टिक क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत नायर ने टीम में जगह बनाई है। उन्होंने पिछले सीजन 9 रणजी ट्रॉफी मैच में 4 शतक के साथ 863 रन बनाए थे। इसके अलावा विजय हजारे ट्रॉफी की 8 पारियों में 5 शतक के साथ 779 रन बनाए थे।

### भारत का इंग्लैंड दौरा

शेड्यूल

| टेस्ट | तारीख | वेन्यू |
|---|---|---|
| पहला | 20 से 24 जून तक | लीड |
| दूसरा | 2 से 6 जुलाई तक | बर्मिंघम |
| तीसरा | 10 से 14 जुलाई तक | लॉर्ड्स |
| चौथा | 23 से 27 जुलाई तक | मैनचेस्टर |
| पांचवां | 31 जुलाई से 4 अगस्त तक | द ओवल |

### खंडवा में 6 महिलाओं की कब्र के साथ छेड़छाड़

**खंडवा.** मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां दो अलग-अलग कब्रिस्तानों में छह महिलाओं की कब्रों के साथ छेड़छाड़ की गई। मंगलवार को यह मामला तब सामने आया जब एक व्यक्ति अपनी मां की और दूसरा युवक पत्नी की कब्र पर फातिहा पढ़ने गया। पुलिस को कब्र खोदकर तांत्रिक क्रिया होने का शक है। वहीं परिजनों का कहना है, कब्र के आसपास तंत्र क्रिया से जुड़ी कोई सामग्री नहीं मिली। कब्र के अंदर पैरों तक कफन खुला मिला है। कब्रों में दफन महिलाओं के शवों के साथ कुछ गलत होने की आशंका परिजनों ने जाहिर की है।

### मोबाइल पर म्यूजिक को लेकर बहस, पति ने पत्नी पर फेंक दिया तेजाब

मोबाइल पर म्यूजिक बजाने को लेकर झगड़ने के बाद एक पति ने पत्नी पर टॉयलट क्लीनर एसिड फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पीड़िता ब्यूटिशियन है। तेजाब की वजह से वह सिर और चेहरे पर काफी जल गई है। घटना 19 मई की है। उत्तर बेंगलुरु के सिदेदाहल्ली में रहने वाले दंपती में अकसर झगड़ा हुआ करता था। पति शराब का आदी था। उस दिन भी वह पत्नी से शराब के लिए पैसे मांग रहा था।

आम तौर पर पत्नी जब शराब के लिए पैसे देने से इनकार करती थी तो वह मारपीट करता था। घटना वाले दिन वह पीकर घर पर आया और तेज आवाज में मोबाइल पर म्यूजिक बजाना शुरू किया। पत्नी ने ऐसा करने से रोका लेकिन उसने एक ना सुनी। इसके बाद दोनों में झगड़ा होने लगा। आरोपी दौड़कर टॉइलट से तेजाब की बोतल उठा लाया और पीड़िता पर डाल दिया।

# 10 लाख का इनामी JJMP सुप्रीमो पुलिस मुठभेड़ में ढेर

- 2 अन्य नक्सली भी मारे गए
- लातेहार के ईचाबार जंगल में एनकाउंटर

लातेहार जिले के लिए आतंक का पर्याय बने जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत दो नक्सलियों को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया है। बताया जाता है कि लातेहार थाना क्षेत्र के ईचाबार जंगल में शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई।

इस मुठभेड़ में झारखंड जनसंघर्ष मुक्ति मोर्चा (JJMP) का सुप्रीमो पप्पू लोहरा और पांच लाख का इनामी नक्सली सबजोनल कमांडर प्रभात गंझू मारा गया है जबकि एक नक्सली घायल है। जिसे सदर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है।

वहीं सेट वन का जवान घायल हुआ है। उसका नाम अवध सिंह है। घायल जवान को एयर लिफ्ट कर रांची के राज अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है। जहां इलाज जारी है। घायल जवान से रक्षा राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने मुलाकात की। वहीं डॉक्टरों ने बताया कि घायल जवान अवध सिंह की स्थिति खतरे से बाहर है। जानकारी के मुताबिक लातेहार एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। इस अभियान में सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस की टीम शामिल थी।

# 3 भाइयों की गोली मारकर हत्या

- बक्सर में बालू गिराने को लेकर दो गुट भिड़े

**बक्सर.** बक्सर में शनिवार की सुबह दो पक्षों में झड़प के बाद अंधाधुंध फायरिंग हुई। इस गोलीबारी में 5 लोगों को गोली लगी है, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो गंभीर रूप से घायल हैं। मरने वाले सभी भाई हैं। जो जख्मी हैं, वो भी मृतकों के भाई हैं।

फायरिंग के बाद 2 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

वारदात का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दो गुटों में पहले लाठी-डंडे और पत्थरबाजी हो रही है। इसके बाद दूसरे गुट के लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। एक मिनट के वीडियो में 12 बार गोली चलने की आवाज सुनाई दे रही है।

घटना राजपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में नहर किनारे की है। बताया जा रहा है कि बालू कारोबार को लेकर हुई लड़ाई के बाद बदमाशों ने गोलियां चलाई है।

मृतकों की पहचान विनोद सिंह यादव, सुनील सिंह यादव और वीरेंद्र सिंह यादव के रूप में की गई है। सभी नहर किनारे टहल रहे थे, तभी कार से आए दूसरे गुट के लोगों से लड़ाई हुई, फिर उन्होंने फायरिंग की।


## महाराष्ट्र शासन
## कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय

यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग, सहकार विद्या मंदिर समोर,
जुना मुंबई पुणे राष्ट्रीय महामार्ग, कळवा, ठाणे पिन : 400605

ई-मेलपत्ता-ःeemsddkalwa@yahoo.co.in दुरध्वनी क्र. 022-2537477

### ई-निविदा सूचना क्र. 09 सन 2025-2026

महाराष्ट्र राज्याच्या राज्यपालांच्या वतीने कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग, कळवा-ठाणे, जलसंपदा विभाग, महाराष्ट्र शासन हे सक्षम निविदाकारांकडून खालील कामाकरिता ई-निविदा B-1 नमुन्यातील ई-निविदा प्रणालीद्वारे (ऑनलाईन) ई-निविदा मागवित आहेत. ई-निविदा कागदपत्रे शासनाचे संकेतस्थळ http://mahatenders.gov.in येथुन डाउनलोड करण्यात यावीत. सविस्तर ई निविदा सूचना व निविदेबाबत सर्व माहितीशासनाच्या संकेत स्थळावर उपलब्ध आहे.

निविदा स्वीकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग, कळवा-ठाणे, यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्वीकारली जाणार नाही.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कामाचे नांव | 'भातसा धरणावरील वक्रव्दारे व विविध यांत्रिकी सेवाद्वाराचे तीन महिन्याकरिता परीचलन व परीक्षण कामे करणे |
| | जिल्हा | पालघर |
| | निविदेची किंमत रुपये | रु.22,78,398/ |

| | |
|---|---|
| **निविदा उपलब्ध कालावधी** | दिनांकः 28/05/2025 ते दिनांक 04/06/2025 |
| **निविदा उघडण्याचा दिनांक** | दिनांक-06/06/2025 |

जा.क्र.यांभाविवि/लेशा-2/1144 /सन-2025
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,
यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग,
कळवा-ठाणे.
दिनांक-19/05/2025.

सही/-
**(सं.ना.रोकडे)**
कार्यकारी अभियंता
यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग कळवा-ठाणे

क्र. जिमाका /ठाणे/जाहि/ 2025-26/23

## संक्षेप...

### 20 लाख की आनलाइन धोखाधड़ी, आरोपी भिवंडी से गिरफ्तार

**मुंबई.** वर्ली स्थित सायबर पुलिस ने, मध्य विभाग ने एक बड़ी निवेश धोखाधड़ी का खुलासा करते हुए आरोपी निलेश मारुती सातपुते (42), को गिरफ्तार किया है। मामले की शिकायत यशोदा शंकर कनकमोला नामक महिला ने दर्ज कराई थी, जिनके साथ कुल 19,50,000 रुपए की ठगी की गई। पुलिस जांच में यह सामने आया कि इस राशि में से 2,00,000 रुपए की रकम आरोपी के आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में स्थानांतरित की गई थी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर भिवंडी इलाके में खोज अभियान चलाया और आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ और जांच में यह स्पष्ट हो गया कि निलेश सातपुते इस धोखाधड़ी में सीधे तौर पर शामिल था, जिसके बाद उसे विधिवत रूप से गिरफ्तार किया गया।

# ठाणे में भी स्वास्थ्य प्रणाली अलर्ट मोड पर

## सिविल अस्पताल में कोरोना मरीजों के लिए 40 बेड का विशेष वार्ड तैयार

**ठाणे.** दुनिया भर के कई देशों में कोरोना वायरस के नए वेरिएंट के कारण मरीजों की संख्या एक बार फिर बढ़ने लगी है। इसके चलते भारत में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है और पुणे, मुंबई के बाद ठाणे में भी कोरोना के मरीज मिले हैं। इस संदर्भ में, ठाणे सिविल अस्पताल में 40 बेड वाला एक विशेष वार्ड तत्काल तैयार किया गया है, जिसमें मरीजों के लिए आवश्यक सभी चिकित्सा उपकरण उपलब्ध हैं।मुंबई में कोरोना संक्रमित मरीजों के पंजीकरण के बाद, ठाणे में भी तीन मरीज कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं और फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। मरीजों में हल्के लक्षण दिख रहे हैं। हालांकि मामलों में संभावित वृद्धि की आशंका को देखते हुए जिला स्वास्थ्य प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं।ठाणे सिविल अस्पताल में 40 बेड वाला विशेष वार्ड तत्काल तैयार किया गया है। यह कमरा पूर्णतः वातानुकूलित है तथा सभी



> शहर में स्कूल, कॉलेज, कार्यालय, मॉल और बाजारों में मास्क और सैनिटाइजर के उपयोग को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं। सभी संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे लक्षण वाले लोगों को बिना प्रवेश दिए तुरंत परीक्षण के लिए भेजें।
> -डॉ. कैलाश पवार (जिला शल्य चिकित्सक ठाणे)

आवश्यक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित है। डॉक्टरों, नर्सों और सहायक कर्मचारियों के लिए भी अलग से नियुक्तियां की गई हैं। इसके अलावा जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार ने बताया कि मरीजों की जांच, आइसोलेशन और उपचार के लिए अलग-अलग सुविधाएं विकसित की गई है।कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक बार फिर सभी नागरिकों से मास्क पहनने, सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ से बचने, अपने हाथों को साफ रखने और लक्षण दिखने पर तुरंत जांच और उपचार कराने की अपील की है। नागरिकों की सतर्कता और सहयोग से ही कोरोना की संभावित लहर को रोका जा सकता है।

## ठाणे मनपा क्षेत्र के अंतर्गत मिले 10 कोरोना मरीज


**ठाणे.** पिछले तीन दिनों में मनपा क्षेत्र में 10 कोरोना मरीज पाए गए हैं। उनमें कोरोना के हल्के लक्षण हैं और उनका घर पर ही इलाज चल रहा है। इस बीच मनपा आयुक्त सौरभ राव ने मनपा स्वास्थ्य विभाग और सभी अस्पतालों को कोरोना मरीजों की जांच के लिए अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। इसके अलावा कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में एक विशेष कक्ष स्थापित किया गया है।कोरोना मरीजों का पता लगने का सिलसिला शुरू होने के मद्देनजर ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने शुक्रवार को विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक में मनपा क्षेत्र में कोरोना मरीजों की स्थिति का जायजा लिया। शुक्रवार तक मनपा क्षेत्र में 10 कोरोना मरीज पाए गए हैं। इनमें कोरोना के हल्के लक्षण पाए गए हैं और इन सभी का घर पर ही इलाज किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ चेतना नितिल ने बैठक में बताया कि उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा जांच किट भी उपलब्ध हैं।साथ ही छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में कोरोना रोगियों के लिए 19 बेड का एक अलग वार्ड तैयार किया गया है, यह जानकारी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनिरुद्ध मालगांवकर ने दी। उन्होंने यह भी कहा कि कलवा में आरटीपीसीआर सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

# 4 महीने तक कोई भी छुट्टी पर न जाए

- **आपदा प्रबंधन समीक्षा बैठक में मनपा आयुक्त ने दिए निर्देश**

**भिवंडी.** आपदा प्रबंधन के लिए वार्ड स्तर और मुख्यालय स्तर पर मैन पॉवर और व्यवस्थाएं 24 घंटे तैयार रखी जानी चाहिए। अगले चार महीनों तक किसी को भी छुट्टी पर नहीं जाना चाहिए। साथ ही, भिवंडी मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने अधिकारियों को मुख्यालय छोड़ने से पहले अनुमति लेने का निर्देश दिया।

आगामी मानसून सीजन के दौरान संभावित घटनाओं और आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा के लिए भिवंडी मनपा आयुक्त अनमोल सागर की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मनपा, पुलिस, एमएमआरडीए और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त ने मुख्य रूप से खतरनाक इमारतों और बाढ़ संभावित क्षेत्रों की समीक्षा की। यदि नागरिकों को स्थानांतरित करने का समय आएगा तो उनकी वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।



बैठक में यातायात जाम, कूड़े से उत्पन्न दुर्गंध तथा बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई। इस दौरान सड़क विकास कार्यों को हर हाल में मानसून सीजन से पहले पूरा करने के निर्देश दिए गए। आपदा प्रबंधन प्रमुख को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वार्ड कार्यालय और मुख्यालय में आपदा प्रबंधन विभाग के सभी टेलीफोन नंबर चालू हों और हर समय चालू रहें। किसी भी परिस्थिति में टेलीफोन बंद नहीं किया जाना चाहिए।

आयुक्त ने निर्देश दिए कि चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग आपातकालीन स्थितियों के लिए आपातकालीन कक्ष स्थापित करे तथा सभी प्रकार की महामारी एवं दुर्घटनाओं के लिए आवश्यक सभी दवाइयों का भण्डारण पर्याप्त मात्रा में किया जाए।

# ठाणे में निकली तिरंगा यात्रा



**ठाणे।** हाल ही में पहलगाम हुए आतंकी हमले का भारतीय सेना ने जिस साहस और दृढ़ता से ऑपरेशन सिंदूर का जवाब दिया, उसकी मानवंदना और वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए देशभर में विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ठाणे के घोडबंदर रोड परिसर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी राम ठाकुर के अगुवाई में किया गया। इस आयोजन में भाजपा शहर जिला अध्यक्ष संदीप लेले,महिला अध्यक्षा ज्योती ठाकूर,अर्चना पाटील, सचिन पंजाबी सहित पदाधिकारी व नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।सेना के सहादत के लिए बरसात की परवाह न करते हुए नागरिकों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर इस यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया।वही भाजपा शहर अध्यक्ष संदीप लेले ने कहा कि शहर में पहली तिरंगा यात्रा में तीन हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया था।अब तक ठाणे शहर में 18 तिरंगा यात्रा देश के शहीद हुए जवानों के याद में निकाली गई है।यह तिरंगा यात्रा देशभक्ति की भावना, एकता और शहीदों के प्रति सम्मान का प्रतीक बनकर सभी नागरिकों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

# मानसून को लेकर भिवंडी मनपा प्रशासन हुआ सख्त

## भिवंडी में 21 अत्याधिक खतरनाक इमारतें की गई ध्वस्त

**भिवंडी.** विगत दिनों कल्याण में सप्तश्रृंगी इमारत की बालकनी का स्लैब गिरने से 6 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई.हादसे के बाद ठाणे जिले के मनपा क्षेत्र में खतरनाक और अत्याधिक खतरनाक इमारतों का मुद्दा एक बार फिर सामने आया है.अति खतरनाक इमारत दुर्घटनाओं के इतिहास को ध्यान में रखते हुए, विशेष रूप से भिवंडी मनपा क्षेत्र में, मनपा प्रशासक आयुक्त अनमोल सागर के निर्देश पर अतिक्रमण विभाग ने सावधानी बरतते हुए मानसून के मौसम से पहले 21 अत्यधिक खतरनाक इमारतों को ध्वस्त कर दिया है.





भिवंडी मनपा आयुक्त अनमोल सागर के नेतृत्व में मानसून सीजन से पहले आपदा प्रबंधन समीक्षा की जा रही है. जानमाल की सुरक्षा के उद्देश्य के लिए शहर में खतरनाक और अत्यधिक खतरनाक इमारतों को नष्ट करने का अभियान चलाया गया है.शहर में कुल 289 अत्याधिक खतरनाक इमारतें हैं. 1 से 21 मई के बीच विभिन्न क्षेत्रों में 21 अत्यधिक खतरनाक इमारतों को ध्वस्त कर दिया गया है. इनमें से वार्ड 1 में 1 इमारत, वार्ड 3 में 5 इमारतें, वार्ड 4 में 12 इमारतें और वार्ड 5 में 3 इमारतों को रहवासियों से खाली कराया गया है.सूत्रों के अनुसार, शहर में खतरनाक और अत्यधिक खतरनाक घोषित की गई 104 इमारतों की बिजली और पानी की आपूर्ति काट दी जाएगी और जल्द ही बेदखली की कार्रवाई की जाएगी.अत्याधिक खतरनाक इमारत दुर्घटनाओं में जानमाल की हानि को रोकने के लिए नागरिकों से उचित सहयोग करने तथा ऐसी इमारतों को गिराने की अपील की है.आयुक्त अनमोल सागर ने चेतावनी दी है कि, यदि नागरिक इस कार्रवाई में सहयोग नहीं करते हैं तो पुलिस बल का प्रयोग कर इमारत को खाली कराया जाएगा.

# ठाणे आरटीओ कार्यालय राज्य में प्रथम स्थान पर

**ठाणे.** महाराष्ट्र सरकार द्वारा कार्यान्वित 'कार्यालय सुधार विशेष अभियान के 100 दिन' के अंतर्गत ठाणे आरटीओ कार्यालय ने राज्य के सभी आरटीओ कार्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 23 मई को घोषित संभाग स्तरीय कार्यालयों के प्रदर्शन में ठाणे कार्यालय ने उत्कृष्टता हासिल की है। लातूर कार्यालय ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि पिंपरी-चिंचवड़ कार्यालय ने तीसरा स्थान हासिल किया। ठाणे कार्यालय की मुख्य आरटीओ अधिकारी हेमांगिनी पाटिल के मार्गदर्शन और अवधारणा के तहत, मुख्य रूप से प्रासंगिक ऑनलाइन और फेसलेस काम के लिए प्रत्येक खिड़की पर क्यूआर कोड लगाकर कार्यालय को बदल दिया गया है। आने वाले नागरिकों को सूचना एवं दिशासूचक संकेत, पेयजल सुविधाएं, अच्छी तरह से सुसज्जित प्रतीक्षा कक्ष, विकलांग नागरिकों के लिए रैम्प और व्हीलचेयर, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायता तथा सैन्य कर्मियों को प्राथमिकता दी जाती है।

# परमवीर चक्र विजेता सरदार जोगिंदर सिंह मार्ग का नामफलक 48 घंटे में दोबारा लगाया गया

**मुंबई.** अंधेरी (पूर्व) के चिमटपाड़ा इलाके में Inconica होटल से अंधेरी-कुर्ला मार्ग तक के रास्ते का नामकरण परमवीर चक्र विजेता सरदार जोगिंदर सिंह मार्ग के रूप में किया गया था। उस समय मुंबई महानगरपालिका द्वारा इस मार्ग पर नामफलक भी लगाया गया था। हालांकि, सीमेंट कंक्रीटकरण के कार्य के दौरान यह नामफलक हटा दिया गया था और इसके बाद कई महीनों तक उसे दोबारा नहीं लगाया गया। यह जानकारी मिलने पर आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने के/पूर्व विभाग के सहायक आयुक्त श्री नितिन शुक्ला से इस विषय में त्वरित कार्रवाई की




मांग की। सहायक आयुक्त श्री शुक्ला ने इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मात्र 48 घंटों में नामफलक को दोबारा स्थापित करवाया। इस शीघ्र कार्रवाई के लिए अनिल गलगली ने श्री शुक्ला का आभार व्यक्त किया। इस संदर्भ में जानकारी स्थानीय समाजसेवक साहब सिंह और सरबजीत सिंह द्वारा अनिल गलगली तक पहुँचाई गई थी। नवस्थापित नामफलक का उद्घाटन विधायक पटेल मूरजी के कर-कमलों द्वारा किया गया।

### परमवीर चक्र विजेता सूबेदार जोगिंदर सिंह : बुमला के शेर

1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान सूबेदार जोगिंदर सिंह अरुणाचल प्रदेश के बुमला पोस्ट पर तैनात थे। 20 अक्टूबर 1962 को जब चीनी सेना ने करीब 200 सैनिकों के साथ हमला किया, तब भारतीय पक्ष के पास केवल गिने-चुने सैनिक थे।

सूबेदार जोगिंदर सिंह ने अपने साथियों के साथ बहादुरी से मुकाबला किया। युद्ध के दौरान उनकी जांघ में गोली लगी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने खुद पट्टी बांधकर युद्ध जारी रखा और कई चीनी सैनिकों को मार गिराया।

अंततः वे चीनी सेना द्वारा बंदी बना लिए गए। बाद में भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया। जब यह बात चीन को पता चली तो उन्होंने भी सूबेदार सिंह के सम्मान में वर्ष 1963 में उनकी अस्थियाँ पूरे सम्मान के साथ उनकी बटालियन को लौटाईं।

## रिटायर्ड पुलिसकर्मी के बेटे ने कर ली आत्महत्या

**मुंबई.** चूनाभट्टी इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है,जहां एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी के बेटे ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली, जिसके बाद 59 वर्षीय पूर्व मुंबई पुलिसकर्मी ने अपनी बहू और उसके पुरुष मित्र पर अपने बेटे को मानसिक रूप से परेशान करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराई है. मुंबई के चुन्नभट्टी पुलिस स्टेशन ने दो लोगों के खिलाफ (मृतक की पत्नी के खिलाफ और उसके पुरुष दोस्त) BNS की धारा 108 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई.

शिकायत के अनुसार, मृतक की उम्र 28 वर्ष थी और वह चूनाभट्टी में एक सरकारी आवास में अपनी 24 वर्षीय पत्नी और दो वर्षीय बेटी के साथ रह रहा था. सेवानिवृत्त होने के बावजूद शिकायतकर्ता पेंशन पर रह रहा था और उसने अभी तक सरकारी आवास खाली नहीं किया था. मृतक ने 2020 में प्रेम विवाह किया था और कुछ ही समय बाद यवतमाल से मुंबई शिफ्ट हो गया, हालांकि जल्द ही वैवाहिक कलह शुरू हो गई.

SHAHEED DUNICHAND T. KALANI MEMORIAL TRUST'S
**SHAHEED DUNICHAND T. KALANI PRIMARY AND SECONDARY SCHOOL**
(UN-AIDED ENGLISH MEDIUM)
ADD: SITE NO-106, RAVINDRA NAGAR, KALI MATA MANDIR ROAD, ULHASNAGAR-421005.
(SINDHI LANGUSTIC MINORITY INSTITUTIONS)
TEL. NO. 0251 2531169 Email ID- sdtk5@rediffmail.com

APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE FOLLOWING POSTS FROM THE ACADEMIC YEAR- 2025-26.

| Sr.No | Posts | Eligibility Criteria cum Qualification | Total No. of Posts |
|---|---|---|---|
| 1 | Head Master / Head Mistress | • Must possess a Bachelor's degree along with a Bachelor of Education (B.Ed.) degree. • Minimum of 5 years of teaching experience in a recognized secondary school. | 01 |
| 2 | Primary Teacher *(English, History, Geography, Hindi, Marathi)* | • Passed Higher Secondary (12th) with at least 50% marks. • Completed 2-year Diploma in Elementary Education (D.El.Ed) or 4-year Bachelor of Elementary Education (B.El.Ed) | 02 (Full-Time) |
| 3 | Secondary Teacher *(English, History, Geography, Hindi, Marathi)* | • Graduate in the relevant subject with at least 50% marks. • Must have completed B.Ed or a 3-year integrated B.Ed-M.Ed course. | 02 (Full-Time) |
| 4 | Drawing Teacher | • Intermediate Grade Drawing Examination + ATD or equivalent diploma. | 01 (Full-Time) |
| 5 | P.T (Phy.Education) | • D.P.Ed, B.P. Ed or M.P.Ed | 01 (Full-Time) |
| 6 | Computer Teacher | • Computer Diploma, BCA or MCA | 01 (Full-Time) |

- The above posts are **open** to all, however candidates from any category can apply for the post.
- Reservation for the women & disabled persons will be as per rule.
- Applicants who are already employed must send their application through proper channel.
- Applicants are required to account for breaks, if any in their academic career.
- The details of qualifications, pay scale and allowances will be supplied on request from the applicants.

Applications with full details should reach to the **Chairperson, Shaheed Dunichand T. Kalani Primary and Secondary English Medium School, Address: Site No-106, Ravindra Nagar, Kali Mata Mandir Road, Ulhasnagar-421005. District-Thane**. within 07 days from the date of publication of this advertisement.

SD/-
Chairperson

# एक्टर मुकुल देव का 54 वर्ष की आयु में निधन


- **ICU में भर्ती थे**
- **'सन ऑफ सरदार' फिल्म में निभाए किरदार से मिली पॉपुलैरिटी**

एक्टर मुकुल देव का 54 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और हाल ही में उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था। हालांकि, उनके निधन का कारण अब तक सामने नहीं आया है। मुकुल देव हिंदी, पंजाबी और साउथ फिल्मों के साथ-साथ टेलीविजन जगत में भी सक्रिय थे।

मुकुल देव ने कई बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया। फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में उन्होंने टोनी सिंह संधू का किरदार निभाया था। इस रोल से उन्हें खास पहचान मिली। उन्होंने 'यमला पगला दीवाना', 'R... राजकुमार' और 'जय हो' जैसी फिल्मों में भी अहम भूमिकाएं निभाईं।

### एक्टर राहुल देव के भाई थे मुकुल

मुकुल देव एक्टर राहुल देव के छोटे भाई थे। राहुल ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि बीती



रात, नई दिल्ली में उनके भाई मुकुल देव ने अंतिम सांस ली। मुकुल की एक बेटी है, जिसका नाम सिया देव है। मुकुल देव का अंतिम संस्कार 24 मई, शनिवार शाम 5 बजे दयानंद मुक्ति धाम में किया जाएगा।

### मुकुल के जाने से टूट गया हूं- मुकेश ऋषि

एक्टर मुकेश ऋषि ने बातचीत के दौरान बताया, साउथ में मैंने मुकुल के साथ तीन-चार फिल्में की हैं। अक्सर हम दोनों की मुलाकात होती थी। उनके निधन से मुझे काफी दुख पहुंचा। अभी मेरे उनके बड़े भाई राहुल देव से बात हुई। वह बहुत ज्यादा दुखी थे। यह खबर हम सबके लिए काफी दुख देने वाली है।

# पकड़ा गया गांजा तस्कर

- **आरसीएफ पुलिस की कार्रवाई**

**मुंबई .** आरसीएफ पुलिस ने शुक्रवार देर रात शाहरुक अशोक दमनीय ( 32 ) नामक गांजा विक्रेता को शंकर देवल परिसर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 4 किलो 31 ग्राम गांजा भी जब्त किया है। आरोपी वाशिनाका के इंदिरा नगर का निवासी है , अधिक कमाई के चक्कर में उसने पहली बार गांजा बेचने चला था।

इस मामले में पुलिस ने एन डी पी एस एक्ट 1985 ,8 ( सी ) सह 20 ( बी ) के तहत दर्ज किया है। सूत्रों की जानकारी पर पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार आरसीएफ पुलिस स्टेशन के नव नियुक्त वरिष्ट पुलिस निरीक्षक महादेव कुंभार को उनके गुप्त सूत्रों ने यह जानकारी दी थी । उक्त जानकारी को कुंभार ने रात्रि ड्युटी में तैनात पीआई समशेर तडवी और पीएसआई सचिन शिंदे से साझा किया । इसके बाद शुरू हुआ 'ऑपरेशन नशा' इस ऑपरेशन में खोजी दस्ते की टीम भी शामिल थे । इस टीम ने घेरा बंदी कर गांजा बेचने आए शाहरुक अशोक दमनीय को पुलिस ने पकड लिया। इस मामले में पुलिस ने एन डी पी एस एक्ट 1985 ,8 ( सी ) सह 20 ( बी ) के तहत दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को तिन दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है । आगे की जांच पीएसआई सचिन शिंदे कर रहे हैं । पुलिस अब उन लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है कि दमनीय कहां से गांजा लाया था।

**आम सूचना**

हम श्री शिवनरेश छेदीयल अग्रहारी व श्रीमती उर्मिला शिवनरेश अग्रहारी सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप नं. 2, ग्राऊंड फ्लोर, ओम शन शनेश्वराय अपार्टमेंट, रुम नं. 13, बैरक नं. 1385, सेक्शन 32, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 41सीओ013412100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रेश्मा मनोहर अच्छरा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 16.10.2022 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 15 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री शिवनरेश छेदीयल अग्रहारी व श्रीमती उर्मिला शिवनरेश अग्रहारी**

**आम सूचना**

मैं श्री मनीष जयप्रकाश ठाकुर सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप, बेसमेंट, उषा पैलेस, यू.नं. 89, शीट नं. 13, बैरक नं. 971 के पास, स्टेशन रोड, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 34सीओ019604900) उक्त प्रॉपर्टी श्री कैलाश भोजराज कटारिया के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 3.1.2023 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मनीष जयप्रकाश ठाकुर**

**आम सूचना**

हम श्री प्रभाकर रामचंद्र तांबे व श्री गणेश रामचंद्र तांबे सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, 1/3 शेयर, मटन मार्केट के पास, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 41सीओ0093039200) उक्त प्रॉपर्टी श्री सुनील आर. तांबे के नाम पर है। उनसे गिफ्ट एग्रीमेंट 2.9.2024 द्वारा हमने प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 15 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री प्रभाकर रामचंद्र तांबे व श्री गणेश रामचंद्र तांबे**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती रीटा मदनलाल चंचलाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 402, पुष्कर अपार्टमेंट, कल्याणी काम्पलेक्स, सामने होटल मधुबन, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 11एआय018288900) उक्त प्रॉपर्टी श्री फौशल महेश चंचलाणी के नाम पर है। उनसे गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 23.5.2025 सी.नं. 67 द्वारा प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रीटा मदनलाल चंचलाणी**

**आम सूचना**

मैं श्री नंदलाल विशनदास कालानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 2, ग्राऊंड फ्लोर, रुम नं. 10, बैरक नं. 1621, सेक्शन 28, सतरामदास हॉस्पीटल के पीछे, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 47सीआय018778400(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री लालजी गौरीशंकर सोनी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 22.5.2025 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री नंदलाल विशनदास कालानी**

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099